मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-476
23/12/2019

मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत बाजपट्टी में कई योजनाओं का किया निरीक्षण

- वर्मी कम्पोस्ट को बढ़ावा दें :– मुख्यमंत्री

पटना, 23 दिसम्बर 2019 :– जल–जीवन–हरियाली यात्रा के चतुर्थ चरण में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बाजपट्टी के बाजपट्टी गोट पंचायत के आबिदपुर गाँव पहुँचे। उन्होंने आदर्श पंचायत सरकार भवन के पास स्थित पोखर के जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लिया। पोखर के चारों ओर किये गये वृक्षारोपण कार्य का भी उन्होंने अवलोकन किया। उन्होंने मत्स्य पालन एवं स्थानीय पंचायत सरकार भवन के जल संरचना निर्माण कार्य को भी देखा। गौरतलब हो कि पंचायत सरकार भवन के छत का क्षेत्रफल 385.58 वर्गमीटर है। ज्ञातव्य है कि यहॉ वर्षा जल संरचना के निर्माण से 46.27 घनमीटर जलनिधि का हर वर्ष संरक्षण हो पायेगा। मुख्यमंत्री ने आबिदपुर विद्यालय भवन में भी छत वर्षा संरक्षण संरचना के कार्य को देखा। यहॉ पढ़ रहे बच्चों से भी उन्होंने बातचीत की। अपने बीच मुख्यमंत्री को देखकर बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। मुख्यमंत्री ने वहॉ उपस्थित शिक्षकों से भी बातचीत की। उन्होंने स्टैंड बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित जिले में जल–जीवन–हरियाली के तहत किये जा रहे कार्यो का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री पुरानी टायरों एवं अन्य बेकार चीजों (बेस्ट) को उपयोग में लाकर बनाये गये बच्चों के आकर्षक प्लेग्राउंड को देखकर काफी खुश हुए। उन्होंने बच्चों के स्थायी डाइनिंग टेबल एवं किचेन गार्डेन को भी देखा। मुख्यमंत्री ने वर्मी कम्पोस्ट, बॉयो गैस एवं जीविका दीदियों द्वारा तैयार जैविक कीटनाशक की सराहना करते हुए कहा कि वर्मी कम्पोस्ट को अधिक से अधिक बढ़ावा दें। उन्होंने नीम, धतुरा, अकवन आदि से बने कीटनाशक की भी सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यो को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

इस मौके पर बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने लाभ प्रदान किया। मुख्यमंत्री मत्स्य विकास योजना के तहत अतिपिछड़े वर्ग के तीन मछुआरों को 90 प्रतिशत अनुदान पर दिए गए वाहन की चाबी मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गयी। इसके साथ ही कृषि यंत्र बैंक योजना के तहत जीविका समूह की दीदियों को मुख्यमंत्री द्वारा नए ट्रैक्टर की चाबी भेंट की गई। मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन के सामने खेतो में स्प्रिंकलर एवं टपकन सिंचाई का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित कॉफी टेबुल बुक एवं कृषि विभाग के कार्यों से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया।

इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास मंत्री सह सीतामढ़ी जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुरेश शर्मा, सांसद श्री सुनील कुमार पिन्टू, पूर्व सांसद श्री रामकुमार शर्मा, विधायक श्रीमती रंजू गीता, विधायक श्रीमती गायत्री देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त तिरहुत प्रमण्डल श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री बाला मुरूगन डी0, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री

गोपाल सिंह, जिलाधिकारी सीतामढ़ी अभिलाषा कुमारी शर्मा, पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी श्री अनिल कुमार एवं अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******